(48)

**एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा परियोजना, ग्राम–पछियारी कोठिया, जिला–देवघर (झारखण्ड) क्षमता – 200 TPD (खाद – 90TPD, RDF प्रोसेसिंग प्लांट – 110 TPD) की पर्यावरण स्वीकृति हेतु पंचायत भवन, पो0 गीडनी, देवघर में दिनांक 05.04.2019 को आयोजित लोक सुनवाई की कार्यवाही।**

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की अधिसूचना संख्या– टी0 एस0 ओ0 1533/ई0आई0ए0 दिनांक 14.09.2006 के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा निर्गत सूचना का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्र इंडियन पंच में दिनांक 22.02.2019, प्रभात खबर एवं अंग्रेजी दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र The Times of India में दिनांक 23.02.2019 को हुआ था।

उपर्युक्त अधिसूचना के अनुसार लोक सुनवाई दिनांक 05.04.2019 को पूर्वाह्न 11 (ग्यारह) बजे पंचायत भवन, पो0 गीडनी, देवघर में पर्यावरणीय स्वीकृति के निमित्त श्री अंजनी दूबे, अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

इस लोक सुनवाई मे श्री रविन्द्र प्रसाद, क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, सहायक वैज्ञानिक पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, मुख्यालय, राँची एवं इकाई की ओर से श्री प्रकाश मिश्रा, सीटी मैनेजर, नगर निगम तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट कन्सलटेन्ट, श्री अनील कुमार शर्मा, प्रोजेक्ट हेड, श्री मनोज जोशी, Co-ordinator, डॉ0 ओम प्रकाश शुक्ला, जेनरल मैनेजर (टैक्नीकल), Wolkem Consultancy Services उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त समीपवर्ती ग्राम पछियारी कोठिया, गीडनी के कई नागरिक उपस्थित थे।

लोक सुनवाई का संचालन डॉ0 ओम प्रकाश शुक्ला, जेनरल मैनेजर (टैक्नीकल), Wolkem Consultancy Services द्वारा सभी आगंतुकों के स्वागत से आरंभ हुआ। उन्होंने इसके उपरान्त परियोजना की संक्षिप्त तकनीकी विवरणी दी गई। अध्यक्ष की अनुमति से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आरंभ की गई।

तत्पश्चात लोक सुनवाई में उपस्थित नागरिकों द्वारा बारी–बारी से कई प्रकार के प्रश्न यथा रोजगार, तकनीकी प्रशिक्षण, वृक्षारोपण, स्थानीय ग्रामीणों को इकाई में तैयार होने वाले खाद को मुफ्त उपलब्ध कराने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं वगैरह की मांग की गई एवं अन्य कई सुझाव दिये गये। ग्रामिणों ने सी0एस0आर0 के तहत विकास का कार्य करने का सुझाव दिया एवं प्रदूषण तथा दुर्गन्ध को नियंत्रित रखते हुए संचालन करने का सुझाव दिया गया। नागरिकों द्वारा पूछें गये प्रश्नों के समेंकित उत्तर श्री अंजनी दूबे, अपर समाहर्त्ता द्वारा दिये गये। उन्होने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इकाई का संचालन करने में ग्रामीणों के सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन किया जायेगा। अध्यक्ष



05-04-2019.

(57)

द्वारा प्रशासन की ओर से किसी भी समस्या के निदान हेतु आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।

लोक सुनवाई की कार्यवाही की विडिओग्राफी कराई गई, जिसकी सी0डी0 संलग्न है।

अध्यक्ष के आदेशानुसार लोक सुनवाई की कार्यावाही समाप्त् हुई।

05.04.19
(संजय कुमार श्रीवास्तव)
सहायक वैज्ञानिक पदा0
झा0रा0प्र0नि0पर्षद, मु0,
राँची।

05/4/19
(रविन्द्र प्रसाद)
क्षे0पदाधिकारी
झा0रा0प्र0नि0पर्षद,
दुमका।

05-04-2019
( अंजनी दूबे )
अपर समाहर्त्ता
देवघर
अपर समाहर्त्ता
देवघर

# झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, राँची
## लोक सुनवाई की कार्यवाही विवरणी

इकाई का नाम एवं पता :– नगर निगम देवघर, पछियारी कोठी
लोक सुनवाई की तिथि :– 5th April, 2019
लोक सुनवाई स्थल :– पंचायत भवन, गीडनी
समय :– 11:00 पूर्वाह्न

| क्रमांक सं. | उपस्थित ग्रामीणों के नाम एवं पता | पूछे गये प्रश्न / सुझाव / मुद्दे आदि | इकाई प्रतिनिधि का जवाब / समाधान |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुरेश यादव पछियारी कोठिया | i) दूसरे राज्यों से लोग काम कर रहे हैं। यहाँ के लोगों को भी रोजगार में प्राथमिकता दी जाये। | रोजगार में प्राथमिकता स्थानीय लोगों को ही दी जायेगी और इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जायेगा । |
| 2. | श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह पछियारी कोठिया | i) हमलोगों को रोजगार दिया जाये।<br>ii) मच्छर की समस्या है जिससे स्वास्थ्य की समस्या बढ़ती जा रही है। | रोजगार में प्राथमिकता स्थानीय लोगों को ही दी जायेगी।<br>मच्छरों से निजात के लिए फोगिंग की व्यवस्था की जायेगी। |
| 3. | श्री विकास मट्ठा गीडनी | i) यहाँ के लोगों को कोई व्यवस्था नहीं दी जाती है।<br>ii) बेरोजगारी की समस्या है।<br>iii) मच्छर की समस्या है। | रोजगार में प्राथमिकता स्थानीय लोगों को ही दी जायेगी।<br>सभी समस्याओं का निवारण जल्द ही किया जायेगा। |
| 4. | श्री राजेश कुमार मंदन गीडनी | i) यहाँ के लोगों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार में प्राथमिकता मिले ।<br>ii) यहाँ के युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित किया जाये। | रोजगार में प्राथमिकता स्थानीय लोगों को ही दी जायेगी।<br>युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा । |
| 5. | श्री मोहन माली गीडनी | i) रोजगार संबंधी मुद्दा। | रोजगार दिया जायेगा । |
| 6. | श्री किशन यादव पछियारी कोठिया | i) प्लांट से बनने वाले खाद किसानों को कब दिया जायेगा? | प्लांट कमीशन के बाद बनने वाली खाद में से कुछ हिस्सा स्थानीय किसानों को दिया जायेगा। |

05-04-2019.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | श्री कृष्णा रावत पछियारी कोठिया | i) यहाँ प्लांट का काम होने वाला है और खाद भी बनेगी, पहले गाँव वालों को खाद दिया जाये क्योंकि पहले गाँव वालों को परेशानी होती है।<br>ii) पैदावार भी घटती जा रही है।<br>iii) यहाँ के नवयुवकों को काम दिया जाये। | प्लांट कमीशन के बाद बनने वाली खाद में से कुछ हिस्सा स्थानीय किसानों को दिया जायेगा।<br>रोजगार में प्राथमिकता स्थानीय लोगों को ही दी जायेगी। |
| 8. | श्री जितेंद्र यादव पछियारी कोठिया | i) प्लांट खुलने के बाद उर्वरक दिया जाये।<br>ii) खेती के लिए भूमि की समस्या हो रही है। पैदावार घटती जा रही है।<br>iii) रोजगार संबंधी मुद्दा। | खाद में से कुछ हिस्सा स्थानीय किसानों को दिया जायेगा।<br>रोजगार में प्राथमिकता स्थानीय लोगों को ही दी जायेगी। |
| 9. | श्री कृष्णा कौल पछियारी कोठिया | i) हमलोगों को प्रत्येक वर्ष 50,000 रू0 का घाटा हो रही है खेती से।<br>ii) यहाँ से बहुत गंध आती है।<br>iii) रोजगार देने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। | खाद में से कुछ हिस्सा स्थानीय किसानों को दिया जायेगा।<br>फोगिंग की व्यवस्था की जायेगी।<br>रोजगार में प्राथमिकता स्थानीय लोगों को ही दी जायेगी। |

S.K. [signature] 05.04.19
(संजय कुमार श्रीवास्तव)
सहायक वैज्ञानिक पदा0
झा0रा0प्र0नि0पर्षद, मु0, राँची।

[signature] 05/4/19
(रविन्द्र प्रसाद)
क्षे0पदाधिकारी
झा0रा0प्र0नि0पर्षद, दुमका।

[signature] 05-04-2019
( अंजनी [stamp: अपर समाहर्त्ता देवघर])
अपर समाहर्त्ता
देवघर